आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 15.11.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर महाराष्ट्र के गढ़चिरौली कार्यक्रम में शामिल होंगे।
2. छठ पूजा पर कल द्वीप समूह में पहली बार सार्वजनिक अवकाश रहेगा, उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा आज कार्बाइंस कोव तट पर पूजा में हिस्सा लेंगे।
3. अलीगढ़ में जलवायु परिवर्तन पर बोले उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा, कहा– समुद्र का बढ़ता जलस्तर अंडमान–निकोबार के लिए बड़ी चुनौती।
4. बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान को देखते हुए एमवी स्वराज द्वीप की कल की चेन्नई यात्रा स्थगित।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की एक सौ इक्यानवीं जयंती के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। श्री मोदी इस अवसर पर जनसभा को भी संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री लगभग तीन हजार करोड़ रुपये की लागत वाली दो सौ छियालीस विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। द्वीपसमूह में डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान के सभागार में कार्यक्रम आयोजित होगा।

<><><><><><><><>

उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने एक भारत–श्रेष्ठ भारत के तहत छठ पूजा के अवसर पर कल सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। द्वीपों में पहली बार सूर्य षष्ठी के अवसर पर यह अवकाश दिया गया है।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह छठ पूजा समिति की ओर से आज कार्बाइंस कोव समुद्र तट पर छठ महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम शाम चार बजकर पैंतालीस मिनट पर शुरू होगा। इस अवसर पर सांसद बिष्णु पद रे और मुख्य सचिव ज्ञानेश भारती भी उपस्थित रहेंगे। कार्बाइंस कोव समुद्र तट पर आज और कल छठ पूजा मनाई जाएगी। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए दक्षिण अंडमान जिला पुलिस ने सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए हैं।

<><><><><><><>

उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने छठ पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान सूर्य और छठी मैया की पूजा को समर्पित यह पर्व हमें प्रकृति के प्रति आभार जताने, अनुशासन, त्याग, तपस्या और स्वच्छता का संदेश देता है। यह पर्व हमारी समृद्ध भारतीय संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों और आपसी एकता का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि द्वीपसमूह की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां अलग–अलग भाषाओं, धर्मों और संस्कृतियों के लोग आपसी प्रेम, भाईचारे और मेलजोल के साथ रहते हैं।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर द्वीपों में रहने वाले झारखंड के सभी लोगों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उपराज्यपाल ने कहा कि झारखंड प्राकृतिक संपदा, समृद्ध आदिवासी विरासत और रंग–बिरंगी सांस्कृतिक परंपराओं से भरपूर राज्य है। उन्होंने कहा कि झारखंड के लोगों का साहस, दृढ़ निश्चय, मेहनत और उत्साह राज्य की अलग पहचान बनाने के साथ ही देश की तरक्की में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उपराज्यपाल ने कहा कि झारखंड स्थापना दिवस राज्य की गौरवशाली यात्रा, समृद्ध संस्कृति और लोगों की आशाओं को याद करने का विशेष अवसर है।

<><><><><><><>

अलीगढ़ में जलवायु परिवर्तन पर आयोजित संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक आपदाएं आ रही

हैं। मौसम चक्र बदल रहा है और विनाशकारी रूप धारण कर रहा है। ग्लेशियरों के पिघलने से समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है और तटीय क्षेत्र जलमग्न हो रहे हैं। उपराज्यपाल ने अंडमान निकोबार द्वीपसमूह को जलवायु परिवर्तन के प्रति अत्यंत संवेदनशील बताते हुए कहा कि इस परिघटना के कारण वहां कई चुनौतियां उभर रही हैं। समुद्र के बढ़ते जलस्तर से तटीय कटाव का खतरा बढ़ गया है। समुद्र के बढ़ते जलस्तर से ताजे पानी की उपलब्धता भी कम हो रही है। अंडमान को देश की सीमाओं का प्रहरी बताते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि आने वाले समय द्वीपसमूह में तीव्र गति से व्यापक विकास कार्य किए जाएंगे। बंदरगाह क्षेत्रों के विकास के साथ–साथ जलमार्गों और वायुमार्गों के माध्यम से संपर्क में सुधार किया जाएगा। डॉ. शर्मा ने कहा कि मानव जीवन के लिए पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि मोबाइल फोन ने मानव जीवन को बदल दिया है। हालांकि, इनके उपयोग से कुछ सामाजिक विकृतियां भी आई हैं। उन्होंने लोगों से प्रकृति के संतुलन को न बिगाड़ने और अपने पूर्वजों के नाम पर पेड़ लगाने का संकल्प लेने की अपील की।

<><><><><><><>

प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय ब्लू फ्लैग प्रमाणन प्राप्त कर चुके डिगलीपुर के रामनगर बीच पर दो दिवसीय 'आइलैंड बीच गेम्स' का कल उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त ए.सी. संतोष प्रकाश ने रामनगर बीच को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त ब्लू फ्लैग प्रमाणन मिलने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस उपलब्धि को डिगलीपुर के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए क्षेत्र के प्रधान मिथुन दास ने कहा कि ब्लू फ्लैग प्रमाणन प्राप्त करने से डिगलीपुर में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी। उन्होंने क्षेत्र में पर्यटन विकास और आर्थिक प्रगति की संभावनाओं पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन किए जा रहे हैं।

<><><><><><><>

बंगाल की खाड़ी के मध्य भाग में कम दबाव का क्षेत्र बनने और कल तक इसके चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका को देखते हुए जहाजरानी सेवा निदेशालय ने एम वी स्वराज द्वीप की चेन्नई

यात्रा स्थगित कर दी है। अब यह जहाज कल के बजाय 18 नवंबर को शाम 4 बजे हैडो जेट्टी से चेन्नई के लिए रवाना होगा।

<><><><><><><><>

माई भारत, श्री विजयपुरम की ओर से कल अंडमान महिला मंडल में "स्वस्थ युवा – विकसित भारत" विषय के तहत 'क्लस्टर ऑफ़ ब्लॉक्स लेवल स्पोर्ट्स मीट और डिस्ट्रिक्ट लेवल स्पोर्ट्स मीट 2026–27' का आयोजन किय गया। इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन किए गए। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की पैरा–एथलीट और यूथ आइकॉन बी. भवानी ने प्रतिभागियों को खेल, समर्पण और दृढ़ संकल्प के माध्यम से अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। भारतीय खेल प्राधिकरण के फुटबॉल कोच मोहम्मद शादिक ने फिटनेस के महत्व और 'नशा मुक्त युवा' अभियान पर प्रकाश डाला। यह प्रतियोगिता बाईस नवंबर तक जारी रहेगी।

<><><><><><><><>

हम्फ्रीगंज पुलिस थाना और ओग्राब्राज सामुदायिक भवन में हाल ही में जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित की गई। दक्षिण अंडमान जिला पुलिस अधीक्षक श्वेता के. सुगाथन की अध्यक्षता में हुई इन बैठकों में लगभग 70 लोगों और पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में पुलिस व्यवस्था, लोगों की सुरक्षा, यातायात, सीसीटीवी कैमरे, पर्यटन सुविधाओं और नशे की रोकथाम से जुड़ी समस्याओं और सुझावों पर चर्चा हुई। पुलिस अधीक्षक ने नशामुक्त भारत अभियान में पंचायत प्रतिनिधियों और आम लोगों से सक्रिय भागीदारी की अपील की। इस अवसर पर पुलिसकर्मियों और अच्छे काम करने वाले नागरिकों को प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

<><><><><><><><>

मौसम विभाग ने अंडमान निकोबार द्वीप समूह में आज से 20 नवंबर तक खराब मौसम की चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार, द्वीप समूह में भारी बारिश के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना है। खराब मौसम को देखते हुए मछुआरों को 17 नवंबर तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।